जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।

# 2025

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
1190565

**कोड : BIRU-17**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं राजनीति विज्ञान**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30**

**भाग – II : राजनीति विज्ञान : प्रश्न संख्या 31 से 120**

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 150

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में →

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

| **अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर** | |
|---|---|

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सीलड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. **पारदर्शी सीलड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।**
3. अभ्यर्थी **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – I / भाग – I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

*1.* Recent terminology used for repayment of public debt that is preferred, is

(a) Repudiation
(b) Suspension of payments
(c) Return of public debt
(d) Transfer moratorium

2. In which region of the world are the highest number of volcanoes found ?

(a) Indian oceanic belt
(b) Mid continental belt
(c) Circum pacific belt
(d) Atlantic belt

3. How many members does the President of India nominate in Rajya Sabha ?

(a) 10 members (b) 15 members
(c) 20 members (d) 12 members

4. The Viksit Bharat Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Act, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), represents a significant upgrade over MGNREGA because in MGNREGA

A. Structural weaknesses
B. Not able to enhance rural employment
C. Absence of transparency and planning
D. Absence of accountability

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) B and C (b) A and B
(c) All of the above (d) C and D

*5.* Which one of the following is NOT properly matched ?

(a) 73rd Constitutional Amendment Act – Panchayati Raj
(b) 42nd Constitutional Amendment Act – Fundamental Duties
(c) 74th Constitutional Amendment Act – Centre-State Relations
(d) 44th Constitutional Amendment Act – Abolition of the Right to Property as Fundamental Right

*1.* सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान के लिए आजकल प्रयुक्त शब्दावली जिसे प्राथमिकता दी जाती है, वह है

(a) अस्वीकृति
(b) भुगतान का निलम्बन
(c) सार्वजनिक ऋण की वापसी
(d) स्थानांतरण स्थगन

2. विश्व के किस क्षेत्र में सर्वाधिक ज्वालामुखी पाए जाते हैं ?

(a) हिन्द महासागरीय मेखला
(b) मध्य महाद्वीपीय मेखला
(c) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला
(d) अन्ध महासागरीय मेखला

3. भारत का राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करता है ?

(a) 10 सदस्य (b) 15 सदस्य
(c) 20 सदस्य (d) 12 सदस्य

4. विकसित भारत गारन्टी रोज़गार आजिविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), MGNREGA की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नयन का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि MGNREGA में

A. संरचनात्मक कमजोरियाँ
B. ग्रामीण रोजगार बढ़ाने में असमर्थ
C. पारदर्शिता और योजना का अभाव
D. जवाबदेही का अभाव

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(a) B एवं C (b) A एवं B
(c) उपरोक्त सभी (d) C एवं D

*5.* निम्न में से कौन एक सुमेलित **नहीं** है ?

(a) 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – पंचायती राज
(b) 42 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – मौलिक कर्तव्य
(c) 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – केन्द्र-राज्य सम्बन्ध
(d) 44 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – सम्पत्ति के अधिकार का मौलिक अधिकार के रूप में निरसन

6. Under which title has Dara Shikoh translated fifty two upanishads into Persian language ?
(a) Majm-ul-Bahrin
(b) Safinat-ul-Auliya
(c) Sirr-i-Akbar
(d) Risal-e-Haqnuma

7. Which of the following best explains the concept of sustainable development ?
(a) Development focused only on economic growth
(b) Development without using natural resources
(c) Development controlled by international institutions
(d) Development that meets present needs without harming future needs

8. First Indian astronaut who visited International Space Station is
(a) Raja Chari
(b) Rakesh Sharma
(c) Shubhanshu Shukla
(d) Kalpana Chawla

9. Which Constitutional authority determines the disqualification of MP's of Lok Sabha under the 10th Schedule ?
(a) Supreme Court
(b) Election Commission
(c) Speaker of the Lok Sabha
(d) President

10. Bhagat Singh was the founding Secretary of which of the following organisation ?
(a) H.S.R.A.
(b) Lahore Student's Union
(c) Kirti Kisan Party
(d) Punjab Naujawan Bharat Sabha

6. दारा शिकोह ने बावन उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद किस शीर्षक से किया ?
(a) मज्म–उल–बहरीन
(b) सफीनत–उल–औलिया
(c) सिर्र–ए–अकबर
(d) रिसाल–ए–हकनुमा

7. निम्नलिखित में से कौन सतत विकास की अवधारणा को सबसे अच्छी तरह से समझाता है ?
(a) केवल आर्थिक विकास पर आधारित विकास
(b) प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग के बिना विकास
(c) अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा नियंत्रित विकास
(d) वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को नुकसान पहुंचाए बिना विकास

8. अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री है
(a) राजा चारी
(b) राकेश शर्मा
(c) शुभांशु शुक्ला
(d) कल्पना चावला

9. कौन–सा संवैधानिक प्राधिकारी 10 वीं अनुसूची के तहत लोकसभा सांसदों की अयोग्यता का निर्धारण करता है ?
(a) उच्चतम न्यायालय
(b) चुनाव आयोग
(c) लोकसभा का अध्यक्ष
(d) राष्ट्रपति

10. भगत सिंह निम्नलिखित में से किस संस्था के संस्थापक सचिव थे ?
(a) एच.एस.आर.ए.
(b) लाहौर छात्र संघ
(c) कीर्ति किसान पार्टी
(d) पंजाब नौजवान भारत सभा

11. Consider the following statements with reference to present Chief Justice of India.

1. Present Chief Justice of India is Justice Surya Kant.
2. Surya Kant is 52nd Chief Justice of India.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) Only 2 (b) Only 1
(c) Neither 1 nor 2 (d) Both 1 and 2

*12.* When lead nitrate powder is heated in a boiling tube, brown fumes are evolved. These fumes are of

(a) PbO (b) $NO_2$
(c) NO (d) $O_2$

13. When and where was Guru Nanak Ji, the founder of Sikhism born ?

(a) 1479, Amritsar (b) 1469, Talwandi
(c) 1489, Amritsar (d) 1489, Talwandi

14. The first Indian woman to win Mrs. Universe crown

(a) Sherry Singh (b) Promila Rani
(c) Sumona Chatterji (d) Jeevika Jha

15. When and where did the first session of the Indian National Congress take place and how many delegates participated in it ?

(a) December 1885, Calcutta, 72 delegates
(b) December 1885, Bombay, 69 delegates
(c) December 1885, Bombay, 72 delegates
(d) December 1880, Bombay, 70 delegates

16. Where was U.N. Climate Summit, COP30 held ?

(a) Nigeria (b) Brazil
(c) Indonesia (d) China

*17.* The Cultural and Educational Right in Indian Constitution is guaranteed by the following

(a) Art. 29 and Art. 30
(b) Art. 27 and Art. 28
(c) Art. 28 and Art. 29
(d) None of the above

11. भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. न्यायमूर्ति सूर्य कान्त भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं ।
2. सूर्य कान्त भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश हैं ।

नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 2 (b) केवल 1
(c) न तो 1 न ही 2 (d) 1 और 2 दोनों

*12.* जब लेड नाइट्रेट पावडर को एक क्वथन नली में गरम किया जाता है, भूरे रंग की फ्यूम्स निकलती है, ये फ्यूम्स है

(a) PbO (b) $NO_2$
(c) NO (d) $O_2$

13. सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(a) 1479, अमृतसर (b) 1469, तलवंडी
(c) 1489, अमृतसर (d) 1489, तलवंडी

14. मिसेज यूनीवर्स का ताज जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला है

(a) शेरी सिंह (b) प्रोमिला रानी
(c) सुमोना चटर्जी (d) जीविका झा

15. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन कब और कहाँ हुआ तथा इसमें कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?

(a) दिसम्बर 1885, कलकत्ता, 72 प्रतिनिधि
(b) दिसम्बर 1885, बम्बई, 69 प्रतिनिधि
(c) दिसम्बर 1885, बम्बई, 72 प्रतिनिधि
(d) दिसम्बर 1880, बम्बई, 70 प्रतिनिधि

16. संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन, COP30 कहाँ सम्पन्न हुई ?

(a) नाइजीरिया (b) ब्राजील
(c) इन्डोनेशिया (d) चीन

*17.* भारतीय संविधान में संस्कृति और शिक्षा सम्बंधी अधिकार निम्न द्वारा प्रदान किया गया है

(a) अनु. 29 और अनु. 30
(b) अनु. 27 और अनु. 28
(c) अनु. 28 और अनु. 29
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

18. Which of the following is NOT correctly matched ?

| (Education Commission) | (Year) |
|---|---|
| (a) Sir Charles Wood's Despatch on Education | – 1854 |
| (b) Radha Krishnan Commission | – 1948-49 |
| (c) The Indian Universities Act | – 1917 |
| (d) University Grants Commission | – 1953 |

*19.* Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A) :** Khadar soil is more fertile than Bangar soil.

**Reason (R) :** Khadar is new alluvial soil which has a higher concentration of fine particles and less kankar nodules.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) (A) is true, but (R) is false

(b) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A)

(c) (A) is false, but (R) is true

(d) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

20. The definition of health as "a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease and infirmity" is given by

(a) UNICEF (b) WHO

(c) FAO (d) UNDP

21. In a certain code language 'HIM-ACE' is written as 21. How will 'SIP-TAG' be written in that code language ?

(a) 14 (b) 12

(c) 19 (d) 16

*22.* Who presented the Nebular hypothesis, regarding the origin of the earth ?

(a) Sir James Jeans (b) Laplace

(c) Jeffery (d) Chamberlin

23. The terms Micro-Economics and Macro-Economics were first coined by

(a) Adam Smith (b) Ragnar Frisch

(c) J. M. Keynes (d) Alfred Marshall

18. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| (शिक्षा आयोग) | (वर्ष) |
|---|---|
| (a) शिक्षा पर सर चार्ल्स वुड्स डिस्पैच | – 1854 |
| (b) राधा कृष्णन आयोग | – 1948-49 |
| (c) भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | – 1917 |
| (d) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | – 1953 |

*19.* नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** खादर मिट्टी, बाँगर मिट्टी की तुलना में अधिक उपजाऊ होती है ।

**कारण (R) :** खादर नई जलोढ़ मिट्टी है जिसमें महीन कणों की सांद्रता अधिक और कंकड ग्रन्थियाँ कम होती हैं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(a) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, (R), (A) की सही व्याख्या है

(c) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

20. स्वास्थ्य की परिभाषा जिसे ''सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण अवस्था के रूप में देखा जाता है और जो केवल रोग और दुर्बलता की अनुपस्थिति नहीं है'', दी गयी है

(a) UNICEF द्वारा (b) WHO द्वारा

(c) FAO द्वारा (d) UNDP द्वारा

21. किसी निश्चित कोड भाषा में 'HIM-ACE' को 21 लिखा जाता है । उसी कोड भाषा में 'SIP-TAG' को किस प्रकार लिखा जायेगा ?

(a) 14 (b) 12

(c) 19 (d) 16

*22.* पृथ्वी की उत्पत्ति से सम्बंधित निहारिका परिकल्पना किसने प्रस्तुत की ?

(a) सर जेम्स जीन्स (b) लाप्लास

(c) जेफरी (d) चैम्बरलिन

23. व्यष्टि-अर्थशास्त्र तथा समष्टि-अर्थशास्त्र का सर्वप्रथम निर्माण किसने किया ?

(a) एडम स्मिथ (b) रेग्नर फ्रिश

(c) जे. एम. कीन्स (d) अल्फ्रेड मार्शल

24. Which of the following Academy was founded by the Ninth Century Abbasid Caliph Al-Mamun, which undertook the ambitious project of translating Greek, Persian and Sanskrit texts on Philosophy and Science into Arabic ?
(a) Dar-al-Ilm
(b) Bayt-al-Hikmah
(c) Al-Nizamiyya
(d) Al-Azhar Mosque and University

***25.*** In the semi-arid regions of Rajasthan, what were the traditional underground tanks for storing drinking water called ?
(a) Guls (b) Khadins
(c) Tankas (d) Johads

26. Which gas is responsible for the greenhouse effect ?
(a) Hydrogen (b) Oxygen
(c) Nitrogen (d) Carbon dioxide

27. Which of the following Indian festival has been included recently in UNESCO Intangible Cultural Heritage List ?
(a) Pongal (b) Holi
(c) Deepawali (d) Onam

28. Arrange the following Prime Ministers of India in chronological order of their tenure.
1. Charan Singh
2. V. P. Singh
3. H. D. Deve Gowda
4. P. V. Narasimha Rao
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 2, 3, 1, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 2, 4, 3

***29.*** Fill in the blank.
AI, EO, IU, ______, UE
(a) UA (b) OU
(c) OA (d) OI

30. Which variety of coffee initially brought from Yemen, is produced in India and is in great demand worldwide ?
(a) Liberica (b) Robusta
(c) Excelsa (d) Arabica

24. नौवीं सदी के अबासिद खलीफा अल–मामुन ने निम्न में से किस अकादमी की स्थापना की, जिसमें दर्शन और विज्ञान पर यूनानी, फारसी और संस्कृत के ग्रन्थों का अरबी में अनुवाद करने का महत्वाकांक्षी परियोजना को हाथ में लिया ?
(a) दार–अल–इल्म
(b) बयत–अल–हिक्मा
(c) अल–निज़ामिया
(d) अल–अज़हर मस्जिद एवं विश्वविद्यालय

***25.*** राजस्थान के अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में पीने के पानी के भण्डारण के लिए पारम्परिक भूमिगत टैंकों को क्या कहा जाता है ?
(a) गुल्स (b) खादीन
(c) टंका (d) जोहड

26. ग्रीनहाउस प्रभाव (हरितगृह प्रभाव) के लिए कौन–सी गैस जिम्मेदार है ?
(a) हाइड्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) नाइट्रोजन (d) कार्बन डाईऑक्साइड

27. यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में हालही में किस भारतीय त्यौहार को शामिल किया गया है ?
(a) पोंगल (b) होली
(c) दीपावली (d) ओणम/ओनम

28. निम्नलिखित भारत के प्रधानमन्त्री को उनके कार्यकाल के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।
1. चरण सिंह
2. वी. पी. सिंह
3. एच. डी. देवेगौडा
4. पी. वी. नरसिम्हा राव
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 2, 3, 1, 4
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 2, 4, 3

***29.*** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
AI, EO, IU, ______, UE
(a) UA (b) OU
(c) OA (d) OI

30. कॉफी की कौन–सी किस्म, जो शुरू में यमन से लाई गयी थी, भारत में उत्पादित की जाती है और दुनिया भर में उसकी बहुत माँग है ?
(a) लिबेरिका (b) रोबस्टा
(c) एक्सेल्सा (d) अरेबिका

## Part – II / भाग – II
## Political Science / राजनीति विज्ञान

31. Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below.

| List – I | List – II |
|---|---|
| A. Mao Tse Tung | I. Dictatorship of the proletariat |
| B. Karl Marx | II. Cultural revolution |
| C. Lenin | III. Socialism in one country |
| D. Stalin | IV. Communist party as Vanguard of proletariat |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | II | III | IV | I |
| (b) | II | I | IV | III |
| (c) | III | IV | I | II |
| (d) | I | II | III | IV |

*32.* "Who rules East Europe Commands Heartland, who rules Heartland commands world island and who rules world island commands the world." This statement is given by

(a) Mackinder

(b) Mahan

(c) Spykman

(d) Karl Haushofer

*33.* Which Finance Commission firstly recommended grants to local bodies ?

(a) 11th Finance Commission

(b) 7th Finance Commission

(c) 12th Finance Commission

(d) 10th Finance Commission

31. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए नीचे दिये गये कूट में सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. माओ त्से तुंग | I. सर्वहारा वर्ग का अधिनायकत्व |
| B. कार्ल मार्क्स | II. सांस्कृतिक क्रान्ति |
| C. लेनिन | III. एक देश में समाजवाद |
| D. स्टालिन | IV. सर्वहारा वर्ग के अग्रणी के रूप में साम्यवादी दल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | II | III | IV | I |
| (b) | II | I | IV | III |
| (c) | III | IV | I | II |
| (d) | I | II | III | IV |

*32.* ''जो पूर्वी यूरोप पर शासन करता है, वह हार्टलैण्ड को नियन्त्रित करता है, जो हार्टलैण्ड पर शासन करता है, वह विश्व द्वीप को नियन्त्रित करता है और जो विश्व द्वीप पर शासन करता है, वह विश्व को नियन्त्रित करता है ।'' यह कथन दिया गया है

(a) मैकिंडर

(b) माहान

(c) स्पाइकमैन

(d) कार्ल हासहोफर

*33.* स्थानीय निकायों को सबसे पहली बार वित्तीय अनुदान देने की संस्तुति किस वित्त आयोग ने की ?

(a) ग्यारहवां वित्त आयोग

(b) सातवां वित्त आयोग

(c) बारहवां वित्त आयोग

(d) दसवां वित्त आयोग

34. Match List – I with List – II and choose the correct answer by using the code given below :

| List – I (Theorist) | List – II (Nationality) |
|---|---|
| A. Vilfredo Pareto | 1. French |
| B. Michael Oakeshott | 2. Italian |
| C. Pierre-Joseph Proudhon | 3. British |
| D. Robert Nozick | 4. American |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

*35.* When A. D. Gorewala Committee submitted its report regarding Public Services to Government of India ?

(a) 1953 (b) 1957
(c) 1955 (d) 1951

36. Which of the following statements is correct in the context of the right against exploitation ?

1. The prohibition of human trafficking and forced labour.
2. Abolition of untouchability.
3. Protection of the interest of minority.
4. The employment of children in factories and mines is prohibited.

Choose the correct answer using the code given below.

**Code :**

(a) 1 and 4 (b) 1, 2 and 4
(c) 1, 2, 3 and 4 (d) 2, 3 and 4

*37.* When was the term 'ideology' for first time used ?

(a) 1885
(b) 1799
(c) 1919
(d) 1857

34. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें एवं निम्न में दिये गये कूट का चयन कर सही उत्तर चुनें :

| सूची – I (सिद्धान्तवादी) | सूची – II (राष्ट्रीयता) |
|---|---|
| A. विल्फ्रेडो परेटो | 1. फ्रेंच |
| B. माइकल ओकशॉट | 2. इटालियन |
| C. पिएर जोसेफ प्राउड़ॉन | 3. ब्रिटिश |
| D. राबर्ट नोज़िक | 4. अमेरिकन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

*35.* लोकसेवाओं से संबंधित ए. डी. गोरवाला समिति ने भारत सरकार को अपनी रिपोर्ट कब सौंपी ?

(a) 1953 (b) 1957
(c) 1955 (d) 1951

36. शोषण के विरुद्ध अधिकार के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?

1. मानव देह व्यापार और बन्धुआ मजदूरी का निषेध ।
2. अस्पृश्यता का उन्मूलन ।
3. अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा ।
4. कारखानों और खदानों में बच्चों के नियोजन का निषेध ।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

**कूट :**

(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

*37.* 'विचारधारा' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग कब हुआ ?

(a) 1885
(b) 1799
(c) 1919
(d) 1857

*38.* Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : Jyotiba Phule was a social reformer.

**Reason (R)** : In 1848 Phule started a school for girls and children of the untouchable castes.

Select the correct answer using the code given below :

**Code :**

(a) (A) is true, but (R) is false

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(c) (A) is false, but (R) is true

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

*39.* What are the characteristics of a dictatorship ?

1. Totalitarianism
2. Opposition of democracy
3. Supporter of individual freedom
4. Belief in terroristic nationalism

Choose the correct answer :

(a) 1, 3 and 4 (b) 1, 2 and 4

(c) 3 and 4 (d) 2 and 3

40. Harman Finer defines the civil servant as a

(a) Permanent executive in modern state

(b) Professional body of officials, permanent paid and skilled

(c) Administrative, technical and manipulative

(d) Servant of the crown

*38.* नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : ज्योतिबा फुले एक समाज सुधारक थे ।

**कारण (R)** : 1848 में फुले ने अछूत जाति की लड़कियों और बच्चों के लिए एक स्कूल शुरू किया था ।

नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(c) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

*39.* अधिनायक तंत्र (तानाशाही) की कौन-सी विशेषताएँ हैं ?

1. सर्वाधिकारवाद
2. प्रजातन्त्र का विरोध
3. व्यक्तिगत स्वतंत्रता का समर्थक
4. उग्र राष्ट्रवाद में विश्वास

सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4

(c) 3 और 4 (d) 2 और 3

40. हरमन फाइनर ने लोकसेवकों को किस प्रकार परिभाषित किया है ?

(a) आधुनिक राज्य में स्थायी कार्यपालक

(b) अधिकारियों का एक स्थायी, सवैतनिक और कुशल पेशेवर निकाय

(c) प्रशासकीय, तकनीकी और हेरफेर करने वाला

(d) राजसेवक

41. Which one of the following pairs (Act – Governor General/Viceroy) is NOT correctly matched ?

(a) The Government of India Act, 1935 – Lord Willingdon

(b) The Government of India Act, 1858 – Lord Canning

(c) The Indian Independence Act, 1947 – Lord Mountbatten

(d) The Indian Council Act, 1892 – Lord Dufferin

41. निम्न युग्मों में से कौन-सा युग्म (अधिनियम – गवर्नर जनरल/वायसराय) सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) दी गवर्नमेंट आफ इण्डिया एक्ट, 1935 – लार्ड विलिंगडन

(b) दी गवर्नमेंट आफ इंडिया एक्ट, 1858 – लार्ड केनिंग

(c) दी इंडियन इंडिपेन्डेन्स एक्ट, 1947 – लार्ड माऊंटबेटन

(d) दी इंडियन कौंसिल एक्ट, 1892 – लार्ड डफरिन

42. The Book 'Power and International Relations' is written by

(a) Walter Lipmann

(b) Inis Claude

(c) Hans J. Margenthou

(d) Palmer and Perkins

42. पुस्तक 'पावर एण्ड इन्टरनेशनल रिलेशन्स' ________ द्वारा लिखी गयी है ।

(a) वाल्टर लिपमैन

(b) आइनिस क्लाड

(c) हंस जे. मोर्गेंथाऊ

(d) पॉमर और पर्किन्स

43. Given below are two statements, one is labeled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A)** : India's tendency in the international order is to seek desirable recognition and legitimate representation in international organisations.

**Reason (R)** : India can offer four possible competing vision and roles towards the present international system.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) (A) is true, but (R) is false

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(c) (A) is false, but (R) is true

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

43. नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में भारत की प्रवृत्ति अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में बांधनीय मान्यता और वैध प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की है ।

**कारण (R)** : भारत वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में चार संभव प्रतिस्पर्धी दृष्टि एवं भूमिका प्रदान कर सकता है ।

नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

(c) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

44. Consider the following statements with reference to Kautilya :

1. Kautilya was the supporter of a strong monarchy.
2. His state was to be paternal in character and benevolent in spirit.
3. Kautilya identified five purposes of Dandaniti.
4. Arthashastra was the first manual on statecraft and the art of administration.

**Code :**

(a) Only 1, 3 and 4 (b) Only 1
(c) Only 1, 2 and 4 (d) Only 2 and 4

45. When the President of India resign, he/she address resignation letter to

(a) The Vice-President of India
(b) The Prime Minister of India
(c) The Attorney General of India
(d) The Chief Justice of India

46. The US Supreme Court was not given Constitutional review power in 1787, but it claimed it in which year/case ?

(a) 1937 – Court Packing Plan
(b) 1803 – Marberry V. Madison
(c) 1954 – Brown V. Board
(d) 1789 – Bill of Rights

47. Which one of the following pairs (Approaches of International Relations and Proponent) is NOT correctly matched ?

(a) Historical Sociological Approach – J. Ann Tickner
(b) Post Modernist Approach – Richard Asley
(c) Feminist Approach – Cynthia Enloe
(d) Critical Approach – Robert Cox

44. कौटिल्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कौटिल्य मजबूत राजतंत्र का समर्थक था ।
2. उसका राज्य प्रकृति से पैतृक तथा आत्मा से दयालू था ।
3. कौटिल्य ने दण्डनीति के पाँच प्रयोजनों की पहचान की ।
4. अर्थशास्त्र राज्य शासन तथा प्रशासन कला कौशल की पहली निर्देश पुस्तिका थी ।

**कूट :**

(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 1
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 2 और 4

45. जब भारत का राष्ट्रपति त्यागपत्र देता है, तो वह अपना त्यागपत्र किसे सम्बोधित करता है ?

(a) भारत का उपराष्ट्रपति
(b) भारत का प्रधानमंत्री
(c) भारत का महान्यायवादी
(d) भारत का मुख्य न्यायाधीश

46. 1787 में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय को सांविधानिक समीक्षा का अधिकार नहीं दिया गया था, पर उसने किस वर्ष/मामले में इसका दावा किया ?

(a) 1937 – कोर्ट पैकिंग योजना
(b) 1803 – मारबरी बनाम मेडिसन
(c) 1954 – ब्राउन बनाम बोर्ड
(d) 1789 – बिल ऑफ राइट्स

47. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध के दृष्टिकोण एवं प्रतिपादक) सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) ऐतिहासिक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण – जे. एन. टिकनर
(b) उत्तर आधुनिकतावादी दृष्टिकोण – रिचर्ड एशले
(c) नारीवादी दृष्टिकोण – सिंथिया एनलो
(d) आलोचनात्मक दृष्टिकोण – राबर्ट कॉक्स

**48.** What is the primary purpose of "Citizen Charter" ?

(a) To provide a framework for citizens participation in governance

(b) To define the duties of the citizens

(c) To identify the Human Rights of the citizens

(d) To guarantee citizens rights and entitlements to public services

49. Consider the following statements regarding political rights.

1. The right to vote
2. The right to contest election free and fair
3. The right to patriotism
4. The right to support and oppose government policies and actions
5. The right to freedom from lack

Choose correct answer :

(a) 2, 3 and 5 (b) 1, 2 and 4

(c) 1, 3 and 5 (d) 2, 3 and 4

**50.** Who was the Chairman of the Ad-hoc Committee on the National flag in the Indian Constituent Assembly ?

(a) Dr. Sarwapalli Radhakrishnan

(b) Dr. Rajendra Prasad

(c) Pt. Jawaharlal Nehru

(d) Dr. B. R. Ambedkar

51. Consider the following statement :

I. Prof. Harendra Coomar Mookerjee was elected as Vice-President of the Constituent Assembly on 11 December 1946.

II. B. N. Rau was appointed as constitutional Advisor. He was a member of Constituent Assembly.

III. Jawaharlal Nehru moved the 'Objective Resolution' on 13 December 1946.

IV. The objective resolution provided terms of reference to the Constituent Assembly.

Select the correct answer from the code given below.

**Code :**

(a) I, II, IV (b) II, III, IV

(c) I, II, III, IV (d) I, III, IV

**48.** ''नागरिक चार्टर'' का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(a) शासन में नागरिकों की भागीदारी को रूपरेखा बनाना

(b) नागरिकों के कर्तव्यों को परिभाषित करना

(c) नागरिकों के मानव अधिकारों की पहचान करना

(d) नागरिक अधिकारों तथा सार्वजनिक सेवाओं की हकदारी की गारंटी देना

49. राजनीतिक अधिकारों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।

1. मतदान का अधिकार
2. स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव लड़ने का अधिकार
3. देशभक्ति का अधिकार
4. सरकार की नीतियों एवं कार्यों का समर्थन एवं विरोध का अधिकार
5. अभाव से मुक्ति का अधिकार

सही उत्तर चुनिए :

(a) 2, 3 और 5 (b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 5 (d) 2, 3 और 4

**50.** भारतीय संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज की तदर्थ समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(a) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(b) डा. राजेन्द्र प्रसाद

(c) पं. जवाहरलाल नेहरू

(d) डा. बी. आर. अम्बेडकर

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. 11 दिसम्बर 1946 को प्रो. हरेन्द्र कुमार मुकर्जी संविधान सभा के उपाध्यक्ष चुने गये ।

II. बी. एन. राव संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किये गये । वे संविधान सभा के सदस्य थे ।

III. जवाहरलाल नेहरू ने 13 दिसम्बर 1946 को उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया ।

IV. उद्देश्य प्रस्ताव संविधान सभा के लिए विचारार्थ विषय बना ।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**

(a) I, II, IV (b) II, III, IV

(c) I, II, III, IV (d) I, III, IV

52. The Behavioural revolution in comparative politics emphasizes
(a) Study of philosophical ideas
(b) Study of Constitutions
(c) Study of historical events
(d) Study of observable political behaviour and empirical data

53. Given below are two statements one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A)** : Procedural Justice demands that the process of Justice should be reasonable, where as demand of substantive justice is that there should be fulfilment of the proper purpose of justice.
**Reason (R)** : Rawls concept of justice is known as procedural justice.
Select the correct answer using the code given below.
**Code :**
(a) (A) is true, but (R) is false
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A)
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)

54. What was the tenure of India's first Chief Election Commissioner ?
(a) 1973 – 77
(b) 1950 – 58
(c) 1977 – 82
(d) 1958 – 67

55. Who decides the share of centre and states in the net proceeds of central taxes ?
(a) Finance Commission
(b) Parliament
(c) Niti Ayog
(d) President

52. तुलनात्मक राजनीति में व्यवहारवादी क्रान्ति ने बल दिया
(a) दार्शनिक विचारों के अध्ययन पर
(b) संविधान के अध्ययन पर
(c) ऐतिहासिक घटनाओं के अध्ययन पर
(d) प्रेक्षणीय राजनीतिक व्यवहार एवं अनुभवजन्य आंकड़ों के अध्ययन पर

53. नीचे दो कथन दिये गये हैं जिसमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A)** : प्रक्रियात्मक न्याय यह माँग करता है कि न्याय की प्रक्रिया उचित होनी चाहिए, जबकि तात्विक न्याय की यह माँग है कि न्याय के उचित उद्देश्य को सिद्धि होनी चाहिए ।
**कारण (R)** : रॉल्स की न्याय की अवधारणा प्रक्रियात्मक न्याय की अवधारणा कहा गयी है ।
नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन करिए ।
**कूट :**
(a) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) (A) की सही व्याख्या करता है

54. भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल क्या था ?
(a) 1973 – 77
(b) 1950 – 58
(c) 1977 – 82
(d) 1958 – 67

55. केन्द्रीय करों की शुद्ध आय का केन्द्र तथा राज्यों के बीच बटवारे का निर्णय कौन करता है ?
(a) वित्त आयोग
(b) संसद
(c) नीति आयोग
(d) राष्ट्रपति

*56.* Who has given POSDCORB principle of Administration ?

(a) Luther Gullick and Urwick

(b) Abraham Maslo

(c) Herbert Simon

(d) Max Waber

57. Match List – I with List – II and choose correct answer from the code given below.

| **List – I (Thinker)** | **List – II (Ideas)** |
|---|---|
| A. Marx | i. Liberal Feminism |
| B. J.S. Mill | ii. Surplus value |
| C. Virginia Wolf | iii. Theory of Justice |
| D. Plato | iv. Radical Feminism |

**Code :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | ii | iii | i |
| (b) | ii | i | iv | iii |
| (c) | i | iii | ii | iv |
| (d) | iii | iv | ii | i |

58. A Judge of a High Court in India is appointed by

(a) The Chief Justice of the concerned State

(b) The President of India in consultation with the Chief Justice of the Supreme Court and Governor of the State

(c) Both the Houses of the Parliament

(d) The Governor of the concerned State in consultation with the Chief Justice of the State

*59.* Rights are creations of the state. This comes under which theory of right ?

(a) Historical theory of rights

(b) Theory of natural rights

(c) Idealistic theory of rights

(d) Legal theory of rights

*56.* प्रशासन का पोस्डकार्ब (POSDCORB) सिद्धान्त किसने दिया है ?

(a) लूथर गुलिक एण्ड उर्विक

(b) अब्राहम मस्लो

(c) हर्बर्ट साइमन

(d) मैक्स वेबर

57. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| **सूची – I (विचारक)** | **सूची – II (विचार)** |
|---|---|
| A. मार्क्स | i. लिबरल फेमिनिज्म |
| B. जे.एस. मिल | ii. अतिरिक्त मूल्य |
| C. वर्जीनिया वुल्फ | iii. न्याय का सिद्धान्त |
| D. प्लेटो | iv. उग्र नारीवाद |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | ii | iii | i |
| (b) | ii | i | iv | iii |
| (c) | i | iii | ii | iv |
| (d) | iii | iv | ii | i |

58. भारत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति होती है

(a) सम्बद्ध राज्य के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(b) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा राज्य के राज्यपाल की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(c) संसद के दोनों सदनों द्वारा

(d) राज्य के मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर सम्बन्ध राज्य के राज्यपाल द्वारा

*59.* अधिकार राज्य के द्वारा निर्मित किये जाते हैं । यह अधिकार के किस सिद्धांत के अन्तर्गत आता है ?

(a) अधिकारों का ऐतिहासिक सिद्धान्त

(b) अधिकारों का प्राकृतिक सिद्धान्त

(c) अधिकारों का आदर्शवादी सिद्धान्त

(d) अधिकारों का कानूनी सिद्धान्त

60. Consider the following statements regarding representative democracy and select the correct option.

A. It offers a practicable form of democracy for large countries.
B. It establishes a link between the government and the governed.
C. It obliterates the distinction between the government and the people.
D. It advocates a classless society.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code:**

(a) C and D (b) A and B
(c) D and A (d) B and D

***61.*** On the basis of which Constitutional Amendment was the National Commission for Scheduled Caste and Scheduled Tribes established ?

(a) $66^{th}$ Amendment (b) $64^{th}$ Amendment
(c) $69^{th}$ Amendment (d) $65^{th}$ Amendment

62. The example of New Social Movement is

A. 'Women versus Man'
B. 'Black versus White'
C. 'Peasant versus Landlord'
D. 'Worker versus Capitalist'

Choose the correct answer from the option given below.

(a) B, C and D (b) A, C and D
(c) C and D (d) A and B

***63.*** "Because society is federal authority must be federal." This statement is related to

(a) A.D. Lindsey (b) Arnest Barker
(c) Hugo Crab (d) Laski

64. According to the structural-functional approach. Which of the following is NOT an 'input function' of the political system ?

(a) Interest Aggregation
(b) Political Development
(c) Political Communication
(d) Political Socialization

60. प्रतिनिधात्मक लोकतंत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्पों का चयन करें ।

A. यह विशाल देशों के लिए लोकतंत्र का व्यवहार्य स्वरूप प्रदान करता है ।
B. यह सरकार और शासित के मध्य सम्पर्क स्थापित करता है ।
C. यह सरकार एवं शासित के मध्य अंतर को मिटा देता है ।
D. यह वर्गविहीन समाज की वकालत करता है ।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) C और D (b) A और B
(c) D और A (d) B और D

***61.*** किस संवैधानिक संशोधन के आधार पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय आयोग की स्थापना की गई है ?

(a) 66 वाँ संशोधन (b) 64 वाँ संशोधन
(c) 69 वाँ संशोधन (d) 65 वाँ संशोधन

62. नये सामाजिक आंदोलन का उदाहरण है

A. 'स्त्री बनाम पुरुष'
B. 'अश्वेत बनाम श्वेत'
C. 'किसान बनाम ज़मींदार'
D. 'कामगार बनाम पूँजीपति'

नीचे दिये गये विकल्पों से सही उत्तर का चयन करें ।

(a) B, C और D (b) A, C और D
(c) C और D (d) A और B

***63.*** ''क्योंकि समाज का स्वरूप संघात्मक है, इसलिए सत्ता का स्वरूप भी संघात्मक होना चाहिए।'' यह कथन सम्बन्धित है

(a) ए.डी. लिण्डसे (b) अर्नेस्ट बार्कर
(c) ह्युगो क्रैब (d) लास्की

64. संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक व्यवस्था के 'निवेश कार्य' **नहीं** है ?

(a) हित समूहीकरण
(b) राजनीतिक विकास
(c) राजनीतिक संचारण
(d) राजनीतिक समाजीकरण

*65.* Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below.

| **List – I (Institute)** | **List – II (City)** |
|---|---|
| A. IAS Training School | 1. Shimla |
| B. IAS Staff College | 2. Delhi |
| C. National Academy of Administration | 3. Mussoorie |
| D. National Police Academy | 4. Hyderabad |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

*66.* Which one of the following does NOT include Weber's analysis of authority ?

(a) Individual characteristics
(b) Charismatic
(c) Legal rational
(d) Traditional

67. Which of the following are correctly matched ?

A. International Court of Justice – The Hague
B. World Health Organisation – London
C. International Criminal Court – Rome
